हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

09 नवंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी तीन दिवसीय सदस्यता अभियान चला रही है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि अब तक देशभर में 10 करोड़ से अधिक लोग पार्टी के सदस्य बने हैं।
- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि विपक्ष के नेता का ऐलान महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद हो सकता है।
- हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और मजबूत करने और डॉक्टरों की मांग पूरी करने के लिए 700 से अधिक चिकित्सकों की सीधी भर्ती की जाएगी।
- स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने नारायणग उपमंडल नागरिक अस्पताल के नए भवन का भूतल 15 नवम्बर तक तैयार करने के निर्देश दिए।
- हरियाणा में आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर विशेष राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया।

*******************************************************

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने तीन दिवसीय सदस्यता अभियान की शुरूआत कर दी है।मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम

में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्राथमिक सदस्यता का नवीनीकरण कर अभियान का शुभारंभ किया।

सदस्यता अभियान का आज दूसरा दिन है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने हरियाणा को 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। उन्होंने आम जनता से भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान देश में अब तक 10 करोड़ से भी अधिक लोग पार्टी के सदस्य बने हैं।

*******************************************************

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद विपक्ष के नेता का ऐलान हो सकता है। विपक्ष के नेता के संबंध में सभी विधायकों ने प्रस्ताव पास कर पार्टी आलाकमान को दे रखा है, पार्टी आलाकमान ही तय करेगा कि विपक्ष का नेता कौन होगा।

रोहतक में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री हूडा ने कहा कि पहली बार विधानसभा का सत्र प्रश्नकाल के बिना हो रहा है उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी के 37 विधायक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने माना कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का संगठन न होना भी विधानसभा चुनाव में हार का एक कारण है

*******************************************************

हरियाणा कांग्रेस की चुनाव में हार के मंथन को लेकर बैठक खत्म हो गई है। मंथन कर रही समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक कर्ण सिंह

दलाल ने बताया कि सभी हारे हुए उम्मीदवारों की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और सरकारी तंत्र के दुरुपयोग पर राय ली गई है। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों ने गड़बड़ी की बात कही है। रिपोर्ट आला कमान को दी जाएगी और उसके बाद में अदालत का रुख किया जाएगा।

******************************************************

हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और मजबूत करने और डॉक्टरों की मांग को पूरा करने के लिए चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी।स्वास्थ्य सेवा विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि चिकित्सकों की सीधी भर्ती की जा रही है।

2 बाइट -डॉ कुलदीप सिंह

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में स्वास्थ्य, आयुष और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभागों की समीक्षा बैठक में 31 दिसंबर से पहले 777 चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती करने के निर्देश दिए थे।

******************************************************

स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को नारायणग□ उपमंडल नागरिक अस्पताल के बन रहे नए भवन का भूतल तैयार करके 15 नवम्बर तक स्वास्थ्य विभाग को सौंपने के निर्देश दिए हैं।स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कल उपमंडल नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान मरीजों का रिकॉर्ड भी देखा गया–

डॉ कुलदीप ने बताया कि श्री सुधीर राजपाल ने अस्पताल के दवाखाने का निरीक्षण किया। दवाखाने में 500 से ज्यादा दवाइयां उपलब्ध पाई गई। श्री राजपाल ने निर्देश दिए कि मरीज को कोई भी बाहर की दवा न लिखी जाए।

*******************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उत्तराखंड दिवस पर उत्तराखंड के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।अपने संदेश में, राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने स्थापना के बाद से उत्तराखंड की प्रेरणादायक यात्रा की प्रशंसा की है और भारत की संस्कृति, परंपराओं और विकास में राज्य के महत्वपूर्ण योगदान को सराहना की।

*******************************************************

आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर त्वरित न्याय और कई लंबित मामलों के निपटान के लिए हरियाणा में विशेष राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया।पंचकूला के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार घनघस ने आकाशवाणी समाचार को बताया -

पंचकूला में दो और कालका में एक बेंच ने लोगों के मामले सुने

लोक अदालत में कुल 50 मामले सुने गए और 10 मामलों का निपटारा किया गया।

विशेष लोक अदालत के लाभार्थी बलजिंदर सिंह ने बताया कि लोक अदालत ने उनके 12 साल पुराने मामले का निपटारा किया है।

भिवानी के मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट पवन कुमार ने बताया कि जिले के सभी अदालतों में विशेष राष्ट्रीय लोक अदालत में 50 बहुत पुराने मामले सुने गए और 9 मामलों का मौके पर निपटारा किया गया। लोक अदालत में बैंक ऋण, दीवानी मामले, चेक बाउंस, राजस्व आदि से संबंधित मामले सुने गए।

*******************************************************

अंबाला की लोक अदालत में भी 50 पुराने लंबित मामले रखे गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण ने बताया कि 2 मामलों का मौके पर निपटारा किया गया।

*******************************************************

हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम के तहत मनोविज्ञान व जीव-जंतु विज्ञान विषय के शिक्षक कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों को हार्मोन से होने वाले शारीरिक बदलाव के बारे में जानकारी देंगे। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने प्रदेशभर के स्कूलों में इसे लागू करने के लिए पत्र जारी किया है।

जीन्द की जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बताया कि -

उन्होने बताया कि कार्यक्रम के तहत पहले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण इस माह के अंत तक पूरा हो जाएगा।

*******************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि गऊ माता का पालन-पोषण करने से राष्ट्र का गौरव भी बढ़ेगा। इसलिए

गौमाता को बेसहारा नहीं छोड़ना चाहिए।श्री विज आज गोपाष्टमी पर अम्बाला छावनी में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम के उपरांत श्री विज ने रामबाग गऊशाला में गऊ माता की पूजा-अर्चना और सेवा कीजींद जिले में जिला मुख्यालय गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्□ा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया तथा गायों की पूजा अर्चना भी की गई। विधानसभा उपाध्यक्ष ने बताया की आज के ही दिन भगवान श्री कृष्ण ने गाय की पूजा कर उसे गौ माता का दर्जा दिया था।करनाल की श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि शमैल हुए। उन्होंने गायों की पूजा अर्चना कर गऊ सेवा की । इस मौके पर उन्होंने गौशाला में गौ चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन भी किया, जहां घायल एवं बीमार गोवंश का मुफ्त में इलाज किया जाएगा।